| |
|---|
| दिनांक 27.11.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 39/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद पीलीभीत/थाना गजरौला

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 27.11.2024 को थाना गजरौला पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भूडा कॉलोनी मोड़ पुलिया के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना गजरौला पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना गजरौला पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मुकेश कुमार निवासी गुप्ता कॉलोनी थाना न्यूरिया जनपद पीलीभीत।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद खीरी/थाना गोला

- **पुलिस कार्यवाही में 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 27.11.2024 को थाना गोला पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बक्खारी नहर पुल से पुरस्कार घोषित अभियुक्त संजय उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया

गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त जनपद खीरी से वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद खीरी के विभिन्न थानों पर लूट, हत्या, हत्या का प्रयास, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 13 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना गोला पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1– संजय उर्फ पप्पू निवासी बसलीपुर गदियाना थाना गोला जनपद खीरी।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर–63

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 27.10.2024 को थाना सेक्टर–63 व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सूरजपुर से पुरस्कार घोषित अभियुक्त जावेद उर्फ जाविद को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना सेक्टर–63 पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु कमिश्नरेट स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर–63 पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जावेद उर्फ जाविद निवासी ग्राम मेंहदीपुर थाना रबुपुरा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

## जनपद जौनपुर/थाना जाफराबाद

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **12 हजार 200 रूपये नगद**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 27.11.2024 को थाना जाफराबाद व थाना लाइन बाजार की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बैजाबाद से बाईपास जाने वाले मार्ग पर बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–साहिल 2–मो0 दानिश घायल हो गये, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 12 हजार 200 रूपये नगद, चोरी की 01 मोटर साइकिल, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त साहिल के विरूद्ध जनपद अम्बेडकरनगर, बस्ती, जौनपुर के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग व अभियुक्त मो0 दानिश के विरूद्ध हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना जाफराबाद पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–साहिल निवासी सरवरपुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।

2–मो0 दानिश निवासी भुड़कुड़हा थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।

**बरामदगी**

1–12 हजार 02 सौ रूपये नगद।

2–चोरी की 01 मोटर साइकिल।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना फुगाना

- **पुलिस कार्यवाही में 05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 195 लीटर डीजल**
- **चोरी के तेल ब्रिकी के 12 हजार रूपये नगद**
- **01 स्कार्पियों कार(बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 कैन्टर**
- **डीजल चोरी करने के उपकरण**
- **03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 27.11.2024 को थाना फुगाना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर दिल्ली–देहरादून निर्माणाधीन फ्लाई ओवर के पास से 05 अभियुक्तों 1–नईम 2–शाहनवाज 3–जाफर 4–अनवार 5–फैज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 195 लीटर डीजल, चोरी के तेल ब्रिकी के 12 हजार रूपये नगद, 01 स्कार्पियो कार (बिना नम्बर प्लेट), 01 कैन्टर, डीजल चोरी करने के उपकरण, 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में फुगाना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

1–नईम निवासी सिवालखास थाना जानी जनपद मेरठ।

2–शाहनवाज निवासी पिपलैड़ा थाना धौलाना जनपद हापुड़।

3–जाफर निवासी ग्राम हर्रा थाना सरूरपुर जनपद मेरठ।

4–अनवार निवासी ग्राम हर्रा थाना सरूरपुर जनपद मेरठ।

5–फैज निवासी ग्राम टोडरपुर थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।

**बरामदगी**

1—चोरी की 195 लीटर डीजल।

2—चोरी के तेल ब्रिकी के 12 हजार रूपये नगद।

3—01 स्कार्पियों कार(बिना नम्बर प्लेट)।

4—01 कैन्टर।

5—डीजल चोरी करने के उपकरण।

6—03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद सहारनपुर/थाना देवबंद**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 338.34 ग्राम अवैध स्मैक व 199.4 ग्राम कट**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 27.11.2024 को थाना देवबंद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से अभियुक्त साजिद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 338.34 ग्राम अवैध स्मैक व 199.4 ग्राम कट, 01 मोटर साइकिल बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना देवबंद पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—साजिद निवासी घाटमपुर थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1—लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 338.34 ग्राम अवैध स्मैक व 199.4 ग्राम कट।

2—01 मोटर साइकिल।

**कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना लोनी बार्डर**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 25 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 54 ग्राम अवैध अफीम बरामद**

दिनॉकः 26.11.2024 को थाना लोनी बार्डर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से अभियुक्त ज्ञानचन्द्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 25 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 54 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना लोनी बार्डर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—ज्ञानचन्द्र निवासी ग्राम शिकदा थाना मनातु जनपद पलामू झारखण्ड।

**बरामदगी**

1—लगभग 25 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 54 ग्राम अवैध अफीम।

- **जनपद बाराबंकी/थाना मो0पुर खाला (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा व 25—25 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद बाराबंकी पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बाराबंकी द्वारा थाना मो0पुर खाला पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/120बी/201 भादवि के अन्तर्गत 02 अभियुक्तों 1—रामभजन 2—दुर्गेश को आजीवन कारावास व 25—25 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद बांदा/थाना बबेरू (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास की सजा व 05 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद बांदा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बांदा द्वारा थाना बबेरू पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त बुद्धु

उर्फ बुधुवा को सश्रम आजीवन कारावास व 05 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद उन्नाव/थाना औरास (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद उन्नाव पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद उन्नाव द्वारा थाना बबेरू पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376(2) भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त सन्दीप उर्फ कल्लू को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद इटावा/थाना चौबिया (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के कारावास की सजा व 07 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद इटावा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद इटावा द्वारा थाना चौबिया पर पंजीकृत अभियोग में धारा 498ए/323/304बी भादवि व 4 डीपी एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त दिलीप कुमार को 10 वर्ष के कारावास व 07 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

––––––